संख्या-2/1110/तीस-1-2013-5(27)/13

प्रेषक,

बी0एस0 भुल्लर,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मथुरा।

परिवहन अनुभाग-1 लखनऊ:दिनांक 18 सितम्बर, 2013

विषय- जनपद मथुरा के वृन्दावन में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बस स्टेशन के के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद मथुरा के वृन्दावन में उत्तर प्रदेश राज्य सडक परिवहन निगम के बस स्टेशन के निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2013-14 में रू0 342.71 लाख की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुये 50 प्रतिशत धनराशि रू0 171.36 लाख परिवहन विभाग को अवमुक्त कर दी गयी है। उक्त बस स्टेशन के निमार्ण हेतु प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0रा0स0 परिवहन निगम द्वारा निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार कार्य पूर्ण किये जाने हेतु मुख्य प्रधान प्रबन्धक (संचालन), प्रधान प्रबन्धक (नोडल), अधिशासी अभियन्ता (पश्चिम) की एक समिति गठित की गयी है। उक्त बस स्टेशन का निमार्ण निर्धारित समयावधि में मानक गुणवत्ता के अनुसार किया जाय, इस हेतु आवश्यक है कि इसका समय-समय पर निरीक्षण स्थानीय स्तर पर किया जाय।

2- अत; आपसे अनुरोध है कि कृपया उक्त बस स्टेशन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं टाइमलाइन के अनुसार कार्य किये जाने की समीक्षा समय-समय पर अपने स्तर से करते हुए मुझे भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(बी0एस0 भुल्लर)
प्रमुख सचिव।

संख्या-1110(1)/तीस-1-2013 तददिनांक।

प्रतिलिपि- प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सडक परिवहन निगम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

http://shahnadesh.up.nic.in

(राकेश कुमार)
विशेष सचिव।

http://shashnadesh.up.nic.in